स्वच्छता सप्ताह
कार्यक्रम विवरण
कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून




- भारत सरकार के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह
- दिनांक **: 22** सितंबर **- 27** सितंबर, **2025**
- आयोजक **:** हिंदी विभाग एवं अंग्रेजी विभाग
- देहरादून परिसर के इस साप्ताहिक कार्यक्रम में देहरादून नगर निगम, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सर्विस, उत्तराखंड सरकार, नेशनल आयुष मिशन, उत्तराखंड सरकार एवं वेस्ट वॉरियर्स जैसी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं ने पौधारोपण एवं व्याख्यान आदि के माध्यम से अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

पहला दिन, **22** सितंबर

भारत सरकार के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा 22 सितंबर से 27 सितंबर, 2025 तक स्वच्छता

सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 22 सितंबर को परिसर में पौधारोपण के साथ स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। इसके साथ ही छात्राओं को सेवा पकड़ा के मूल उद्देश्य से परिचित करवाते हुए, परिसरीय स्तर की साफ - सफाई भी छात्राओं के द्वारा की गई। इस अवसर पर छात्राओं को मास्क एवं ग्लव्स भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोतर की छात्राओं ने भाग लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रो हेमन पाठक, प्रो निपुर सिंह, डॉ नीना गुप्ता, डॉ निशा यादव, डॉ रीना वर्मा, डॉ बबिता एवं श्वेता त्रिपाठी उपस्थित रहे।













दूसरा दिन, **23** सितंबर, **2025**

स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का


आयोजन **23**सितंबर, **2025** को किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कुल 15 छात्राओं ने भाग लिया। स्लोगन लेखन एवं उसकी सुंदर प्रस्तुति हेतु छात्राओं को 30 मिनट का समय दिया गया। दी गई समयावधि एवं दिशा निर्देशों के अनुसार इशिका ने प्रथम स्थान, आसमा ने द्वितीय स्थान एवं तरनजीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।










तीसरा दिन, **24** सितंबर, **2025**

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह के दौरान 24 सितंबर को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर व्याख्यान का

आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रत्ना त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, देहरादून ने विषय से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर में पौधारोपण करके किया गया। परिसर समन्वयक प्रो. हेमन पाठक, डॉ निशा यादव एवं डॉ रीना वर्मा ने मुख्य वक्ता का पौधा भेंट कर स्वागत किया। समन्वयक महोदया ने बताया कि हमें समय - समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक करते रहना चाहिए। डॉ त्रिपाठी ने ड्रग्स, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में जेन जी को लक्ष्य करते हुए कहा कि नशा एक चक्रव्यूह है जिसमें घुसना आसान है लेकिन बाहर निकलना मुश्किल है। इसलिए आज की युवा पीढ़ी को अपनी अपनी ऊर्जा खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत नशामुक्ति, डिजिटल नशामुक्ति एवं आध्यात्मिक नशामुक्ति जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला। डॉ त्रिपाठी ने युवतियों एवं महिलाओं में आयुवर्ग के अनुसार उत्पन्न होने वाली समस्याओं और उसके निदान पर भी अपने विचार रखे। जैसे- पीसीओडी, पीआईडी, यूटीआई और मासिक धर्म संबंधी अनियमितता से भी छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग की महिलाओं को प्री-मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम, गर्भावस्था संबंधी समस्या, स्तन कैंसर, अनिद्रा, ओस्टियोपोरोसिस एवं सिस्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं संबंधी ये समस्याएं मुख्यतः सात हार्मोनल बदलावों के कारण होती हैं। इनके निवारण हेतु उन्होंने बताया कि उम्र के साथ महिलाओं को अपने खान - पान के प्रति सतर्क रहते हुए, कुछ बदलाव अवश्य करने चाहिए। जिसके लिए मौसमी आहार ग्रहण करने के साथ - साथ व्यायाम को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने माहवारी के समय किस तरह की साफ - सफाई की आवश्यकता होती है उससे भी छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शोधार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने किशोरियों में होने वाले मानसिक बदलावों के कारणों से भी श्रोताओं को परिचित कराया। साथ ही शादी से पहले युवतियों के लिए सर्वाइकल कैंसर

वैक्सीनेशन कितना एवं क्यों महत्वपूर्ण है इन सभी बिंदुओं पर सारगर्भित रूप में प्रकाश डाला। डॉ रीना वर्मा ने इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए मुख्य वक्ता को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रो निपुर, डॉ नीना गुप्ता, डॉ सरिता नेगी, डॉ ममता यादव, डॉ सुनीति आर्या, डॉ बबिता शर्मा, डॉ अर्चना डिमरी, डॉ रचना पांडे, डॉ रचना चौहान, डॉ रेखा राजपूत, श्वेता त्रिपाठी, शोधार्थी एवं छात्राओं समेत प्रतिभागियों की संख्या 92 रही।















चौथा दिन, **25** सितंबर, **2025**

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून में भारत सरकार के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह का आयोजन 22 सितंबर - 27सितंबर तक किया गया। स्वच्छता सप्ताह के दौरान परिसर में पौधारोपण, स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताओं के साथ ही नशा मुक्ति एवं व्यक्तिगत साफ सफाई जैसे विषयों पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया । इसी क्रम **25** सितंबर को परिसर की ओर से छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने नशा मुक्ति और स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नशा एक अभिशाप है, मुक्ति ही वरदान है और मेरा देश महान है, स्वच्छता मेरा अभिमान है जैसे नारों के उदघोष के साथ रैली की शुरुआत हुई। स्वच्छता जागरूकता रैली राजपुर रोड से दिलाराम चौक होते हुए, डीएल रोड से कन्या गुरुकुल देहरादून पहुंची। परिसर पहुंचने के पश्चात छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराया गया। स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत रैली का आयोजन हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रैली में छात्राओं एवं शोधार्थियों के साथ ही प्रो हेमन पाठक, डॉ निशा

यादव, डॉ रीना वर्मा, डॉ बबिता शर्मा, डॉ रचना पांडे, डॉ रचना चौहान तथा श्वेता त्रिपाठी ने भाग लिया।


रैली में भाग लेने वाली छात्राओं एवं शोधार्थियों की संख्या - 38
















पांचवां दिन, **26** सितंबर, **2025**

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता सप्ताह के समापन समारोह में आज देहरादून नगर के मेयर सौरभ थपलियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने परिसर में पौधारोपण के साथ की। परिसर समन्वयक प्रो. हेमन पाठक ने पौधा भेंट कर उनका मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ निशा यादव ने छात्राओं को सेवा पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य एवं स्वच्छता की महत्ता से छात्राओं को परिचित कराया। मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ थपलियाल ने स्वच्छता को लेकर छात्राओं का मार्गदर्शन कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ने कहा सेवा पखवाड़ा हमें आपसी सहयोग एवं सद्भावना के लिए भी प्रेरित करता है। अतः हम सभी को सामाजिक सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें सेवा पखवाड़ा में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए सफल बनाने में पूरा सहयोग करना चाहिए। देश की स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके पश्चात उन्होंने स्लोगन लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण - पत्र वितरित कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर

उन्होंने परिसर की ओर से परिसर के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान किए। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह के इस समापन अवसर पर सभी छात्राओं, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। तत्पश्चात डॉ रीना वर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं, शोधार्थियों के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षिकाओं की संख्या - 54


















छठा दिन, **27** सितंबर, **2025**

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता सप्ताह के अंतिम दिन कचरा निस्तारण विषय पर वेस्ट वॉरियर्स संस्था की टीम ने छात्राओं को स्वच्छता से जुड़े हुए महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून ने वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहायक निदेशक नवीन कुमार सडाना एवं उनके टीम सदस्यों

ने मिलकर परिसर में पौधारोपण किया। परिसर की समन्वयक प्रो हेमन पाठक, डॉ निशा यादव एवं डॉ रीना वर्मा ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ निशा यादव ने बताया कि सेवा पखवाड़ा सरकार की एक सराहनीय पहल है लेकिन यह सही अर्थों में तभी सफल होगा जब व्यक्ति मात्र स्वच्छता को अपना ध्येय बना लेगा। संस्था के सहायक निदेशक नवीन कुमार सडाना ने बताया कि ये एक ऐसा कार्य है जिसमें किसी धरने, रैली अथवा प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है बस हमें गीले कचरे, सूखे कचरे, प्लास्टिक एवं ई वेस्ट आदि का सही तरीके से विभाजन कर सही जगह पहुंचाना है और इसे अपने  रोजमर्रा में शामिल करना है। उन्होंने बताया कचरे को जलाना जहां ग्लोबल वार्मिंग को जन्म देता है तो वहीं बड़े - बड़े कूड़े के ढेर जो हम मनुष्यों ने बना दिए हैं वो बारिश आदि में सड़ने के बाद धीरे - धीरे रिसकर जमीन में जाता है जिससे कि विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं जन्म लेती हैं। उन्होंने देहरादून के शीशम बाड़ा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां जो कचरे का ढेर बना हुआ है उसके चलते उस क्षेत्र विशेष में जमीनी पानी काफी प्रदूषित हो चुका है जिससे आसपास के निवासियों में गंभीर बीमारियां पनप रही हैं। इसलिए पर्यावरण के संरक्षण के लिए व्यवस्थित तरीके से कचरा निस्तारण के उपायों को अपनी जीवन शैली में शामिल करना होगा। नवीन कुमार सडाना ने बताया कि ऐसा करके हम अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था ने गीले और सूखे कचरे हेतु परिसर को कूड़ादान भी प्रदान किए। कार्यक्रम में छात्राओं, शोधार्थियों के साथ ही शिक्षिकाएं भी उपस्थिति रहीं।

उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षिकाओं की संख्या - 60


स्वच्छता सप्ताह
GPS Map Camera
Dehradun,Uttarakhand,India
Sewak Ashram Road, Chironwali, Dehradun, Uttarakhand 248001, India
Lat 30.336712, Long 78.060963
09/27/2025 10:43 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Dehradun,Uttarakhand,India
Kandholi, Chironwali, Dehradun, Uttarakhand 248001, India
Lat 30.336213, Long 78.060951
09/27/2025 10:53 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


कन्या गुरुकुल परिसर,
GPS Map Camera
Dehradun,Uttarakhand,India
Kandholi, Chironwali, Dehradun, Uttarakhand 248001, India
Lat 30.336166, Long 78.060968
09/27/2025 11:22 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Dehradun,Uttarakhand,India
Kandholi, Chironwali, Dehradun, Uttarakhand 248001, India
Lat 30.336196, Long 78.061070
09/27/2025 11:07 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


WASTE WARRIORS
GPS Map Camera
Dehradun,Uttarakhand,India
Kandholi, Chironwali, Dehradun, Uttarakhand 248001, India
Lat 30.336189, Long 78.060972
09/27/2025 11:33 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

# मीडिया कवरेज



## स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएं : मेयर

**उत्तर भारत लाइव ब्यूरो**
uttarbharatlive.com

देहरादून। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा हमें आपसी सहयोग एवं सद्भावना के लिए प्रेरित करता है। अपना मोहल्ला, अपना शहर स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि यह जीवनशैली है, जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

मेयर थपलियाल शुक्रवार को गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून में स्वच्छता सप्ताह के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया। परिसर समन्वयक प्रो हेमन पाठक ने उनका स्वागत किया। संचालन करते हुए डॉ निशा यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उन्होंने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। मेयर ने कॉलेज के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान की। डॉ रीना वर्मा ने आभार जताया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह के समापन पर स्वच्छता की शपथ ली गई।



## स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएं लोग: मेयर

देहरादून। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा सहयोग के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि यह जीवनशैली है। इसे हमे जीवन का हिस्सा बनाना होगा। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून मे स्वच्छता सप्ताह के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि मेयर ने परिसर मे पौधरोपण किया। प्रो., हेमन पाठक ने उनका स्वागत किया।



## सबसे तेज प्रधान टाइम्स

## कन्या गुरूकुल देहरादून में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

अंशु वर्मा/गीतेश अनेजा

**हरिद्वार/ देहरादून ( सबसे तेज प्रधान टाइम्स )।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता सप्ताह के समापन समारोह में 26 सितंबर 2025 को देहरादून नगर के मेयर सौरभ थपलियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने परिसर में पौधारोपण के साथ की। परिसर समन्वयक प्रो. हेमन पाठक ने पौधा भेंट कर उनका मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ निशा यादव ने छात्राओं को सेवा पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य एवं स्वच्छता की महत्ता से छात्राओं को परिचित कराया। मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ थपलियाल ने स्वच्छता को लेकर छात्राओं का मार्गदर्शन कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ने कहा सेवा पखवाड़ा हमें आपसी सहयोग एवं सद्भावना के लिए भी प्रेरित करता है। अतः हम सभी को सामाजिक सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें सेवा पखवाड़ा में ब? चढ़कर भाग लेते हुए सफल बनाने में पूरा सहयोग करना चाहिए। देश की स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके पश्चात उन्होंने स्लोगन लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण - पत्र वितरित कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर की ओर से परिसर के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान किए। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह के इस समापन अवसर पर सभी छात्राओं, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। तत्पश्चात डॉ रीना वर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग द्वार संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं, शोधार्थियों के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।



16:12 63%
naradnews24.cor

उत्तराखण्ड | गढ़वाल | देहरादून | ज़रा हटके

## कन्या परिसर देहरादून में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह का हुआ आयोजन।

₹28.87

By अवधेश नारायण तिवारी
SEP 26, 2025 #स्वच्छता पखवाड़ा



16:11 63%
adhantimes.com

सबसे तेज प्रधान टाइम्स

Complaint Box | Epaper

ब्रेकिंग न्यूज़ | अंतिम संस्कार | 5 . भाजपा ने हर घर

## कन्या गुरुकुल देहरादून की छात्राओं व शिक्षिकाओं ने नशा मुक्ति और स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली

खबर सुनने के लिए बटन दबाये

26-09-25 | 05:33 pm




20:16 52%

kalkifashion.com
ज़्यादा >
Crushed Tissue Saree With Cutdana And ...

## कन्या गुरुकुल में सेवा पखवाड़ा के तहत व्यक्तिगत स्वच्छता व नशा मुक्ति जागरूकता पर व्याख्यान

The News Adda · 3 days ago · Less than a minute

Share now






# कन्या गुरुकुल ने सेवा पखवाड़ा में मनाया स्वच्छता सप्ताह

कैंपस कॉल

■ एआई ब्यूरो

**देहरादून।** भारत सरकार के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या परिसर देहरादून के हिंदी विभाग एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा 22 सितंबर से 27 सितंबर तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया। देहरादून परिसर के इस साप्ताहिक कार्यक्रम में देहरादून नगर निगम, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सर्विस, उत्तराखंड सरकार, नेशनल आयुष मिशन, उत्तराखंड सरकार एवं वेस्ट वॉरियर्स जैसी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं ने पौधारोपण, जागरूकता अभियान एवं व्याख्यान के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। स्वच्छता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पर्सनल हाइजीन, पर्यावरणीय साफ-सफाई के साथ ही नशा मुक्ति जैसे विषयों के प्रति जागरूक करना था।

साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान परिसर में पहले दिन मास्क एवं ग्लव्स का वितरण कर छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा परिसर में साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त परिसर में नशा मुक्ति एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर डॉ रत्ना त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में छात्राओं को नशा मुक्ति के साथ महावारी के समय साफ-सफाई तथा सर्वाइकल कैंसर जैसे विषयों के प्रति जागरूक किया गया। 23 सितंबर को नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संबंधित विषय पर ही 25 सितंबर को राजपुर रोड से दिलाराम चौक एवं डीएल रोड होते हुए कन्या गुरुकुल के गेट तक नारों के साथ छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

26 सितंबर को देहरादून मेयर सौरभ थपलियाल कन्या गुरुकुल परिसर पहुंचे और पौधारोपण किया। उन्होंने अपने स्वच्छता संबोधन के साथ ही परिसर के माली एवं सफाई कर्मचारियों को परिसर की ओर से स्वच्छता किट वितरित किए। इसके अलावा स्लोगन लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम के अंतिम दिन 27 सितंबर को समापन समारोह में वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहायक निदेशक नवीन सडाना एवं उनकी टीम ने गीला कचरा व सूखा कचरा विभाजन क्यों आवश्यक है तथा कचरा निस्तारण के सही उपायों की जानकारी न होने पर किस तरह वह पर्यावरण को हानि पहुंचाता है, इन सभी विषयों से छात्राओं को परिचित कराया। स्वच्छता सप्ताह के समस्त कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं, शोधार्थियों और परिसर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

डॉ निशा यादव
हिंदी विभाग

डॉ रीना वर्मा
अंग्रेजी विभाग